राजधानी • वर्ष 18 । अंक 240 । पृष्ठ : 14+4
मूल्य : तीन रुपये
6 राज्य • 2 केंद्रशासित प्रदेश • 21 संस्करण

अमर उजाला

नई दिल्ली
मंगलवार, 8 दिसंबर 2020

पेशेवर लीग यूरोप में गोल दागने वाली पहली भारतीय महिला फुटबॉलर बनीं बाला देवी...स्पोर्ट्स

तैयारी यीडा ने सोमवार को टेक्निकल बिड खोली, फाइनेंशियल बिड से कंपनी का तय होगा नाम

फिल्म सिटी की पटकथा लिखने आईं 4 कंपनियां

माई सिटी रिपोर्टर

ग्रेटर नोएडा। यमुना प्राधिकरण के फिल्म सिटी की डीपीआर बनाने के लिए चार कंपनियों ने रुचि दिखाई है। इस काम के लिए आवेदन करने वाली इन चारों कंपनियों की तकनीकी दक्षता का सोमवार को यीडा में परीक्षण किया गया। अब जल्द ही फाइनेंशियल बिड होगी, जिसमें से एक कंपनी का चयन होगा। वह कंपनी डीपीआर बनाने के साथ ही यह भी सुझाएगी कि किस पैटर्न पर इसे बनाया जाए।

दरअसल, यीडा के सेक्टर-21 में 1000 एकड़ पर फिल्म सिटी बसाने का निर्णय हुआ है। इसे बसाने के लिए तीन विकल्पों पर विचार हो रहा है। पहला पीपीपी मॉडल है, जिसके अंतर्गत फिल्म सिटी बसाने के लिए निजी कंपनी से करार हो जाएगा। वही इसे विकसित करेगी। यीडा और उस कंपनी की लाभ में हिस्सेदारी तय हो जाएगी। दूसरा, यमुना प्राधिकरण खुद से विकसित करे और खुद ही प्लॉट बेचे और तीसरा, सरकार से सब्सिडी मिले और यमुना प्राधिकरण नोडल एजेंसी के तौर उसे विकसित करे और आवंटित करे।

डीपीआर आने के बाद इस पर निर्णय होगा। डीपीआर को बनवाने के लिए यमुना प्राधिकरण ने रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल निकाला था। इसकी तकनीकी बिड खोलने की तिथि 25 नवंबर थी, जिसे बढ़ाकर 7 दिसंबर कर दिया गया था। सोमवार इस बिड में चार कंपनियों ने हिस्सा लिया, जिनमें एनडीएस आर्ट वर्ल्ड, सीके कुकरेजा आर्किटेक्ट्स, सीबीआरई साउथ एशिया, इगिस इंडिया कंसल्टिंग इंजीनियर्स शामिल हैं। इन कंपनियों के बीच 10 दिनों में फाइनेंशियल बिल खुलेगी।

उसमें से किसी एक कंपनी का चयन होगा। बता दें कि फिल्म सिटी को विकसित करने के मसले पर हाल ही में मुख्यमंत्री ने मुंबई जाकर फिल्मकारों और उद्यमियों के साथ राय मशविरा किया है।